


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 253 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 29 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया




✻ उठावना ✻

मेरे अनुज, पन्ना लाल (चंगु), बाबू (धर्मपाल), गौपाल, देवीलाल, अशोक के बड़े भाई, नेमीचंद (पत्रकार), हरीश (सब पोस्ट मास्टर) जमनाशंकर (राजू) के काकाश्री, अशोक, लाभचंद, मुकेश, दिलीप, मोतीलाल, नन्द किशोर के बड़े पापा, तरुण (पत्रकार) सुनील (इंजीनियर), तुषार (एडवोकेट), गौरव, पवन, पीयूष, आयुष, चेतन, प्रिंस के दादाजी, शंकर, बलराम के पूज्य पिताश्री इंदरमल राठौर का 27 जून 2025 को प्रभूमिलन हो गया था, जिनका उठावना 29 जून रविवार को दोपहर 1 बजे स्थान पंच कचेलिया धर्मशाला वीर सावरकर मार्ग धानमंडी मंदसौर पर रखा गया हैं।

✻✻✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻✻✻
चुन्नीलाल राठौर(सेवानिवृत अध्यापक)
एवं राठौर समस्त परिवार मंदसौर


## नशा मणिपुर का, नाम मंदसौर का..!



### मंदसौर के नाम से देश में बिक रहा डुप्लीकेट माल, जिला बना तस्करों और तस्करी का गढ़

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** उत्तर प्रदेश की मुजफ्फर नगर पुलिस ने एक दिन पहले एक करोड़ की हेरोइन पकड़ी। जो मंदसौर सप्लाय होने वाली थी और मंदसौर से देश के विभिन्न कोनों में पहुंचती। यह प्रमाणित करता है कि मंदसौर के ओरिजनल माल के नाम से डुप्लीकेट और हल्का माल देशभर में सप्लाय हो रहा है। मतलब नाम मंदसौर का और माल कहीं और का।

मुजफ्फर नगर की एसटीएफ की कार्रवाई में सामने आया है कि मणिपुर से यह हेरोइन मंदसौर लाई जाने वाली थी। मंदसौर की मादक पदार्थो की मंडी में तस्करों का मजमा लगने वाला था। यहां से देशभर में उसकी सप्लाय होना थी। इतनी बड़ी दूरी तय कर माल को मंदसौर पहुंचाने और यहां से विभिन्न राज्यों में सप्लाय करने का गणित मादक पदार्थों की तस्करी में बेईमानी के खेल को बयां करता है। मंदसौर-नीमच अर्थात अविभाजित मंदसौर जिला अफीम उत्पादन में एक महत्वपूर्ण पहचान देश में बना चुका है। अगर मंदसौर से माल सप्लाय होता है तो जाहिर सी बात है कि माल मंदसौर का ही कहलाएगा। मणिपुर के माल पर मंदसौर का टेग लगाकर उसे सप्लाय किया जा रहा है।

#### मंदसौर का माल एक दम टंच...

मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों से अफीम की तस्करी मंदसौर-नीमच के रास्ते हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मंदसौर नीमच का रुट ही इस्तेमाल नहीं किया जा रहा, बल्कि अफीम या अन्य मादक पदार्थ भी मंदसौर-नीमच की बताई जाती है। जिसे राजस्थान और पंजाब सहित अन्य राज्यों में ले जाया जाता है। इसका कारण है कि मणीपुर, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों की अफीम में मार्फिन कम होता है। जबकि, मंदसौर-नीमच जिले में पैदा हुई अफीम में मार्फिन का औसत ज्यादा होता है। जिसे एक दम टंच माल कहा जाता है।

#### मंदसौर के नाम से फायदा ज्यादा...

तस्करी के खेल में भी बेईमानी का तड़का लग रहा है। अरुणाचल प्रदेश, इम्फाल, झारखंड जैसे राज्यों में अफीम में मार्फिन की मात्रा कम होती है। जिसके कारण इसके दाम भी तस्करी के धंधे में कम होते हैं। इधर मंदसौर-नीमच क्षेत्र की बात करें तो मार्फिन की मात्रा अच्छी होने के साथ ही माल भी टंच होता है। अब अगर अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और झारखंड जैसे राज्यों के माल को मंदसौर का बता कर या मंदसौर लाकर ही सप्लाय करें तो निश्चित रूप से दाम भी बढना तय है। यही कारण है कि अन्य राज्यों का माल मंदसौर लाकर सप्लाय किया जा रहा है।

## मंदसौर से सप्लाय एमडी इंदौर में पकड़ाई...

### मंदसौर के दो आरोपियों को इंदौर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

मुजफ्फर नगर में हुई कार्रवाई में मंदसौर मादक पदार्थ की खेप पहुंचने के साथ ही अन्य जगहों पर सप्लाय होना थी। इधर इंदौर पुलिस की कार्रवाई ने भी मुहर लगा दी कि मंदसौर से मादक पदार्थों की सप्लाय बड़े शहरों में हो रही है। इंदौर क्राइम ब्रांच ने मंदसौर के दो एमडी ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 151 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। शनिवार को क्राइम ब्रांच ने इसका खुलासा किया। दोनों को मुखबीर की सूचना पर एमआर-10 ब्रिज के नीचे से पकड़ा गया। दोनों से उनके नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पकड़े गए आरोपी खालिद पिता मुबारिक हुसैन निवासी गोंदी चौक मंदसौर है। खालिद 12वीं तक पढ़ा है और उसकी इतर की दुकान है। वह आदतन ड्रग्स तस्कर है। दूसरा आरोपी नदीम पिता अजीज खान निवासी गोंदी चौक मंदसौर 10वीं पास है और ऑटो चालक है।

दरअसल क्राईम ब्रांच टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एमआर-10 ब्रिज के नीचे दो लोग अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करने आने वाले हैं। इस सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी की और आरोपियों के आने पर उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से 151 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी एमडी ड्रग्स की सप्लाई कर शहर की युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाने और आदतन आरोपियों के बीच अपना नेटवर्क फैलाकर काम करते थे। वे इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों में एमडी ड्रग्स की सप्लाई करते थे। आरोपी दूसरे राज्यो से ड्रग्स मंगवाकर छोटे पैमाने पर युवाओं को बेचने का काम कर रहे थे।



#### इसीलिये झुलसा हुआ है मणिपुर...

पिछले लंबे समय से मणिपुर दंगो के साथ ही अन्य मामलो को लेकर झुलसा हुआ है। इसके पीछे भी मुख्य कारण अफीम की खेती ही बताई गई थी। होता यह है कि वहां दो समुदाय प्रमुखता में है। लेकिन, देश विरोध समुदाय जो अन्य स्थानो से आकर मणिपुर में बसा है वह अवैध रूप से अफीम का उत्पादन करता है। जिसे भारत देश के साथ ही अन्य देशो को सप्लाय किया जाता है। उससे मिले पैसे से धर्मांतरण सहित अन्य देशविरोधी गतिविधियो को बढ़ावा दिया जाता है। यही कारण है कि भारत सरकार ने अवैध अफीम उत्पादन पर अर्थात रीढ़ की हड्डी पर चोट की थी। जिसके कारण ही दंगे भड़के और अभी तक सुरक्षा बलो को घाटी में जाने से रोका जा रहा है। बता दें कि देश का मणिपुर ऐसा राज्य रहा है, जिसे अंग्रेज भी गुलाम नहीं बना सके थे। लेकिन, मिशनरी ने वहां पहुंचकर समुदाय विशेष को अफीम की अवैध पैदावार का तथाकथित रूप से लायसेंस दे दिया था? देखना है कि मणिपुर कब तक राष्ट्रदोहियो का साथ देता है?

## शिवना किनारे खिसक रही जमीन, हादसे की आशंका

### कच्चे टीले पर रहते हैं हजारों लोग, पहले ही नपा ने चिन्हित किए थे 65 मकान





**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के पुराने मोहल्लो में स्थित जर्जर मकान तो हादसे को दावत दे ही रहे हैं, वहीं बारिश में शिवना किनारे भी खतरा मंडरा रहा है। मामला है शिवना किनारे बने मकानों का। शिवना किनारे मिट्टी का कटाव हो रहा है। इससे कई मकानो के गिरने का खतरा है। बता दें कि शहर किला क्षेत्र भराव की जमीन पर बसी आबादी है। इसमें टंकी निर्माण के बाद टेस्टिंग रिपोर्ट में भी यह भराव की जमीन ही मिली। जो ठोस नहीं है। वर्तमान में इस क्षेत्र के 3 -4 वार्ड में शहर की करीब 20 फीसदी यानी 25 से 30 हजार आबादी निवास करती है। जगह की कमी के चलते पास-पास व ढलानों पर भी लोगों ने मकान बना लिए हैं। शिवना किनारे गुदरी, मर्दादीन मोहल्ला, कुमारवाड़ा बसा है। मतलब कुल मिलाकर मौत के टीले पर लोग रह रहे हैं। इस बात को खुद नगरपालिका भी जानती है।

बता दें कि तीन साल पहले नपा ने यहां 65 मकान चिन्हित किए थे। जिसमें 12 को अति खतरनाक स्थिति में माना था। हालांकि, मकान चिन्हित करने तक ही नपा की कार्रवाई सीमित रह गई। अब बारिश में फिर से मकानों पर खतरा मंडरा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों ने कोर्ट परिसर से गुदरी व पशुपतिनाथ लिंक ब्रिज तक शिवना किनारे कच्ची पहाड़ी पर मकान बना लिए हैं। कई तो ढलान पर हैं। अब हर साल शिवना में बाढ़ आने पर किनारों से मिट्टी का कटाव हो रहा है। लोगों ने पिलर, बल्लियां लगाकर मकानों को टिका रखा है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि काश्तकार होटल से पशुपतिनाथ मंदिर तक शिवना किनारे किले से पत्थर गिर रहे, मिट्टी कट रही है। प्रशासन को समस्या का समाधान करना चाहिए। जिससे कि लोग बिना किसी डर के जीवन यापन कर सकें। उल्लेखनीय है कि करीब तीन साल पहले शिवना किनारे जर्जर स्थिति में आए मकानों व क्षेत्र का जायजा तत्कालीन एसडीएम और तहसीलदार ने भी लिया था। अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर पूरे क्षेत्र की स्थिति देखी। कुछ मकानों की हालत खतरनाक होने पर एसडीएम ने नपा को तत्काल उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। लेकिन, एसडीएम और कलेक्टर दोनों ही चले गए और स्थिति जस की तस है।

#### केवल योजना बनाकर भूले जिम्मेदार...

तीन साल पहले नपा ने भी सर्वे कर मकानों को चिन्हित किया था। क्षेत्र में 65 मकान खतरे की स्थिति में बने मिले थे। वहीं 12 मकान ऐसे हैं जो काफी जर्जर व खतरनाक हैं। इसके बाद नोटिस देकर इन्हें खाली कराने की योजना बनाई गई। लेकिन, नपा के पास इन्हें विस्थापित करने की कोई दूसरी योजना नहीं है। दूसरी जगह इन्हें शिफ्ट करने की कोई व्यवस्था नहीं होने से नपा की यह योजना अधूरी ही रह गई।

## भानपुरा सिविल अस्पताल को मिले पांच चिकित्सक, सेवा देंगे या नहीं ?

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा सिविल अस्पताल में 05 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इस बहुप्रतीक्षित पहल से भानपुरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के हज़ारों लोगों को अब अपने ही क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्हें इलाज के लिए अब उज्जैन, इंदौर या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि नियुक्त किये गए डाक्टर भानपुरा में सेवा देंगे या नहीं? क्योंकि, सरकार के एक नियम के तहत तय राशि जमाकर यह सभी डाक्टर निजी प्रेक्टिस कर सकते है या किसी भी निजी अस्पताल में जाब कर सकते है।

भानपुरा में पदस्थ किये गए डाक्टरो में डॉ. चेष्टा गोयल बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. आमिर मुंशी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुप्रिया कुमारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमित सिंह सामान्य शल्य चिकित्सक, डॉ. बैग मिर्जा वाजिद मिर्जा कलीम एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है।

## लिव इन में रह रही महिला का शव मिला, मोबाइल से हुई शिनाख्त

**रतलाम, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक 32 वर्षीय महिला का शव मिला। जिसके सिर पर चोट के निशान हैं। उसके पास से एक मोबाइल भी मिला, उसी से शव की शिनाख्त हो सकी। महिला का शव थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत गांव जुलवानिया में गांव मुंशीपाड़ा मार्ग किनारे जंगल में मिला। गांव के चौकीदार रमेश मईड़ा ने महिला का शव देखा। उसने गांव के सरपंच छोटू भाभर को सूचना दी। सरपंच भाभर ने पुलिस को खबर की। मौके पर पुलिस पहुंची। शव के पास मोबाइल रखा मिला। मोबाइल के जरिए महिला की शिनाख्त राधा पति तेजराम निवासी रामपुरिया के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक वर्तमान में वह रतलाम के बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में रहती थी। घटनास्थल पर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा। पुलिस के अनुसार महिला ने अपने पति को छोड़ रखा था। वर्तमान में वह लिव इन में रह रही थी। महिला को किसी धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतारे जाने की आशंका है। थाना औद्योगिक क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर ध्यानसिंह सोलंकी ने बताया फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद कारण सामने आएगा।



## पिपलिया मंडी पुलिस ने पकड़ा बाईक चोर

### चोरी की तीन बाईक के साथ दबोचा, पूछताछ जारी

**पिपलिया मंडी, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** चौकी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शनिवार को चोरी की तीन बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी नाहरगढ़ थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी कमल पिता रामेश्वर भील मजदूरी के बहाने पहले नगर में घूमकर रेकी करता था और फिर मौका मिलते ही बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देता था।

पिपलिया मंडी पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से पल्सर के अलावा स्प्लेंडर और सीडी डान जैसी मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी पिछले कुछ समय से चोरी की वारदातों को सक्रियता से अंजाम दे रहा था। पुलिस टीम की मुस्तैदी से आरोपी को दबोचने में सफलता मिली है। आरोपी को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से रिमांड पर लेकर अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में कई नाम, 02 जुलाई को होगी घोषणा

**भोपाल/मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश भाजपा का नया प्रदेशाध्यक्ष 02 जुलाई को सामने आ जाएगा। चुनाव के लिए 01 जुलाई को नाम निर्देशन पत्र दाखिल होंगे। अगले दिन भाजपा की वृहद कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।**

प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में वैसे तो प्रदेशभर में कई नाम सामने आए है। लेकिन, एक बार फिर प्रदेशाध्यक्ष के लिए मंदसौर-नीमच- जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता का नाम भी आ रहा है। संगठन ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम तय कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में होगी। वे 01 जुलाई को भोपाल पहुंचेंगे। मप्र में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में आदिवासी वर्ग के नेताओं में बैतूल सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके के नाम पर मंथन तेजी से शुरू हुआ है। वे बैतूल से दूसरी बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं।

#### 19 राज्यों के चुनावों के बाद होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव...

अब तक बीजेपी के करीब 14 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। शुक्रवार 27 जून को बीजेपी ने तीन राज्यों के चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान किया है। बीजेपी ने महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू, उत्तराखंड में केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और पश्चिम बंगाल में रविशंकर प्रसाद को अपना प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। 19 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

#### मप्र सहित इन राज्यों में होना है निर्वाचन...

मध्यप्रदेश के साथ उत्तरप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड जैसे राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है। जबकि, असम, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, केरल, लक्ष्यद्वीप, मेघालय, नागालेंड, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है।

#### वर्ग वार दावेदारों के नाम...

**ब्राह्मण वर्ग–** डॉ. नरोत्तम मिश्रा (पूर्व गृह मंत्री), राजेन्द्र शुक्ल (डिप्टी सीएम), रामेश्वर शर्मा (विधायक व पूर्व प्रोटेम स्पीकर)।

**वैश्य–**हेमंत खंडेलवाल (विधायक बैतूल ), सुधीर गुप्ता (सांसद मंदसौर)।

**क्षत्रिय–**अरविंद भदौरिया (पूर्व मंत्री), बृजेन्द्र प्रताप सिंह (विधायक व पूर्व मंत्री)।

**अनुसूचित जाति-** प्रदीप लारिया (विधायक नरयावली), लाल सिंह आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी मोर्चा), हरिशंकर खटीक (विधायक व प्रदेश महामंत्री भाजपा)।

**अनुसूचित जनजाति-** गजेन्द्र सिंह पटेल (सांसद खरगोन), दुर्गादास उईके (केन्द्रीय राज्य मंत्री), फग्गन सिंह कुलस्ते (सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री), सुमेर सिंह सोलंकी (राज्यसभा सांसद)। देखना यह होगा की केंद्रीय नेतृत्व ने किसके नाम की पर्ची चुनाव अधिकारी को सौंप रखी हैं। वही अगला प्रदेश अध्यक्ष होगा?







### रथयात्रा

**शहर में शनिवार को इस्कान द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति संगीत का आनंद उठाया और भगवान के रथ का खींच कर पुण्य लाभ कमाया।**

# कालिदास प्रसंग में परिसंवाद का आयोजन सम्पन्न




**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** कालिदास प्रसंग के दो दिवसीय आयोजन के द्वितीय दिवस महाकवि कालिदास के साहित्य में लोकमंगल विषय परिसंवाद का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान डॉ. रघुवीर प्रसाद गोस्वामी भोपाल, डॉक्टर जे एन त्रिपाठी भोपाल और डॉ., किरण आर्य सागर ने अपने व्याख्यान दिए।

परिसंवाद की अध्यक्षता वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. कैलाश चंद्र पांडेय ने की परिसंवाद में संबोधित करते हुए डॉ. गोस्वामी ने कहा कि महाकवि कालिदास ने अपने साहित्य में प्रकृति प्रेम को इस रूप में प्रदर्शित किया कि उसके के मूल में लोकमंगल के भाव थे।उन्होंने आम जनमानस को यह बताया कि लोकमंगल तभी हो सकता है कि प्रकृति को ईश्वर का रूप मानकर उसका संरक्षण करें यानी प्रकृति की क्रमबद्धता और उसका संतुलन ही लोकमंगल का सबसे बड़ा कारक होता है। आपने कहा कि महाकवि कालिदास ने अपने ग्रंथों में महाकालेश्वर की नगरी उज्जैनी और अष्मूर्ति यानि पशुपतिनाथ की नगरी दशपुर का उल्लेख किया है जिससे यह सिद्ध होता है कि इन दोनों ही नगरों से उनका कितना भावनात्मक संबंध रहा है। आपने कहा कि महाकवि कालिदास का साहित्य विश्व की ऐसी धरोहर है जो भारत की संस्कृति और यहां के लोक मानस को पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय सोपान है। परी संवाद की अध्यक्षता करते हुए इतिहासकार डॉ. कैलाश चंद्र पांडेय ने कहा कि महाकवि कालिदास के मेघदूत और अभिज्ञान शाकुंतलम में दशपुर और अष्मूर्ति का जो वर्णन किया है वह सिद्ध करता है कि मंदसौर से उनका कितना गहरा संबंध रहा है। डॉ पांडेय ने अपने शोध पूर्ण व्याख्यान में अनेक तथ्यात्मक उदाहरण के माध्यम से बताया कि महाकवि कालिदास का जन्म मंदसौर में हुआ। उन्होंने मंदसौर के विद्वानों पं. मदनलाल जोशी पं. मदन कुमार चौबे डॉ. रुद्रदेव त्रिपाठी, केशव प्रकाश विद्यार्थी पं. रामचंद्र तिवारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विद्वानों ने महाकवि कालिदास को आदर्श मानकर मंदसौर से उनके संबंध को पुष्ट किया।

डॉ जे एन त्रिपाठी ने कहा कि कवि कुलगुरु कालिदास अपनी रचनाओं के कारण आज भी प्रासंगिक एवं अमर है उनका मालवा क्षेत्र से भावनात्मक संबंध रहा है मंदसौर के लिए यह विशेष गौरव की बात है कि जिस अमर रचना के कारण कालिदास साहित्यकारों में सर्वश्रेष्ठ है उस अभिज्ञान शाकुंतलम् का आरंभ अष्मूर्ति पशुपतिनाथ की वंदना से किया है न केवल अभिज्ञान शाकुंतलम में वरन मेघदूतम में भी महाकवि ने मंदसौर का अत्यंत अपनत्व के साथ उल्लेख किया। डॉ किरण आर्य ने कहा कि महाकवि कालिदास की रचनाएं संपूर्ण मानवता के लिए उपयोगी है जिसके माध्यम से वह पर्यावरण संरक्षण का महान्याय संदेश देते हैं यहीं पर वह समाज को भोग की प्रवृत्ति से त्याग और तपस्या की ओर प्रेरित करते हैं उनका प्रकृति प्रेम पर्यावरण संरक्षण का मूल आधार बन सकता है वह जल स्रोतों जिला सहयोग वन उपवन उद्यान आदि के प्रेमी है और यही सब घटक पर्यावरण के कारक होते हैं कालिदास ने हमारी परिवार व्यवस्था गुरुकुल का महत्व आदर्श राजा और राजनीति के महत्वपूर्ण संकेत अपने ग्रंथों में दिए हैं ऐसे बहुत विरले कवि होते हैं जो नाटक ,खंड काव्य और महाकाव्य इन तीनों विधाओं में पारंगत होते हैं। आरंभ में मां सरस्वती और महाकवि कालिदास के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन अतिथि विद्वानों ने साथ ही इतिहासकार डॉ. कैलाश चंद्र पांडेय, नागरिक आपूर्ति निगम के डायरेक्टर मदनलाल राठौर पुरातत्व के विद्वान गिरिजा शंकर रुनवाल महाविद्यालय के प्राचार्य जेएस दूबे, शिक्षाविद रमेश चंद्र चंद्रे, डॉ.रवींद्र कुमार सोहनी,डॉ घनश्याम बटवाल ब्रजेश जोशी आदि ने किया गया। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार बारोड ने अकादमी की ओर से मंचासीन विद्वानों का शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। संचालन के आर सूर्यवंशी ने किया आभार वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने माना। समारोह में बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।



# डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से विकल्प के रूप में नेनो डीएपी एवं अन्य खाद का प्रयोग करें-एसडीएम

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारी बैंक सीईओ श्री सुनील कच्छारा द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देशानुसार गरोठ एसडीएम श्री राहुल चौहान द्वारा विकासखण्ड गरोठ की सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों एवं कर्मचारियों की खाद के संबंध में समीक्षा की गई।

जिसमें सहकारी संस्थाओं में डीएपी, एनपीके, यूरिया एवं अन्य प्रकार के खाद की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी ली गई। जिसमें मुख्यरूप से पाया गया कि किसानों द्वारा डीएपी खाद की मांग की जा रही है एवं उक्त खाद मुख्य रूप से सउदी अरब, चीन, रूस एवं अन्य देशों में निर्मित होकर भारत द्वारा आयात किया जाता है। वर्तमान में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार पूर्ति नहीं की जा सकती है। इस हेतु विकल्प के रूप में 12:32:16, 20:20:0:13, 16:16:16, 10:26:26, 15:15:15 एवं नेनो डीएपी उपलब्ध है। एसडीएम गरोठ द्वारा सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों को निर्देश दिये गये कि वे कृषकों को डीएपी खाद के विकल्पों के बारे में अवगत कराये एवं उक्त खाद एवं नेनो डीएपी उपयोग हेतु प्रेरित करें। श्री चौहान द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन श्री सुनिल कच्छवा एवं श्रीमति गरिमा सेंगर विपणन अधिकारी के साथ विपणन संघ के शामगढ डबल लॉक में खाद की उपलब्धता एवं किसानों के नगदी खाद वितरण की जानकारी ली। साथ ही संस्था गराडिया नरसिंह, विशन्या एवं दसोरिया जहां डीएपी खाद का स्टाक नहीं था उक्त संस्थाओं में विपणन संघ डबल लॉक शामगढ से तत्काल खाद उपलब्ध करवाया गया एवं संस्था प्रबंधकों को समय-समय पर किसानों की आवश्यकतानुसार खाद की मांग प्रेषित करने एवं संस्थाओं में सभी प्रकार के खाद का पर्याप्त भण्डारण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही डीएपी खाद की अनुउपलब्धता को देखते हुवे संस्थाओं को डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य खाद एवं नेनो डीएपी का उपयोग करने की अपील की गई।

# मध्यम व छोटे उद्योगों को स्थापित करने हेतु हमारी सरकार कृत संकल्पित है -सीए जैन

## सीए ब्रांच द्वारा लघु व मध्यम उद्योगों को मिलने वाले सरकारी अनुदानों के बारे में कार्यशाला आयोजित



**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यम व छोटे उद्योग हमारी आर्थिक उन्नति की नींव है और इस नींव को मजबूत करके ही हम विकसित भारत की परिकल्पना कर सकते हैं। हमारे देश में छोटे से छोटे गांव में उद्योगों की स्थापना हो और हम इन औद्योगिक उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूर्ण कर अन्य देशों को भी निर्यात करने की स्थिति में आ सकें इसी उद्देश्य को लेकर केन्द्र व राज्य सरकारों ने लघु व मध्यम औद्योगिक इकाइयों के लिये विभिन्न अनुदान योजनाएं लागू की है। इन अनुदानों का लाभ उठाकर हम भारत को औद्योगिक क्षेत्र में काफी मजबूत स्थिति में ला सकते हैं।

मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि जानकारी के अभाव में अनेक औद्योगिक, व्यावसायिक व सेवा क्षेत्र में कार्यरत इकाइयों शासन द्वारा दिये जा रहे अनुदानों से अनभिज्ञ रहते हैं और इन योजनाओं का लाभ नहीं ले सकते हैं। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट सीए चरणजोतसिंहजी नंदा व सेंट्रल कौंसिल की एमएसएमई व स्टार्ट अप कमेटी के चेयरमैन सीए ज्ञान मिश्रा ने इस तथ्य को समझकर इस वर्ष देश भर की सभी 179 शाखाओं में एक साथ एमएसएमई दिवस पर कार्यशाला व सहायता केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य लिया ताकि जनता के बीच में सरकार की योजनाओं को प्रस्तुत किया जा सके। इसी उद्देश्य से आज मन्दसौर ब्रांच में भी लघु व मध्यम उद्योगों को मिलने वाले सरकारी अनुदानों के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के वक्ता सीए राजेश जैन ने विभिन्न प्रकार के उद्योगों को मिलने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि हमें प्रयास करना चाहिये कि हमारे क्लाइंट को हम विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें। आपने बताया कि बैंक व कर विभाग भी लघु व मध्यम उद्योगों के साथ काफी उदार रहते हैं और इनके सफल संचालन में भरपूर सहयोग प्रदान करते हैं। आपने बताया कि अधिकांश व्यवसाय व उद्योगों को शासकीय योजनाओं में अनुदान प्राप्त होता है और हम चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट यह जानकारी उन व्यवसायों को आसानी से समझा सकते हैं ताकि वे लाभान्वित हो सकें। अतिथियों का स्वागत सीए विनय अग्रवाल, नयन जैन, अर्पित नागदा, सुबोध सिंहल, चेतन गुप्ता, आशीष जैन, रचित जैन, नितिन देवनानी, शैनित धाकड, सिद्धार्थ मेहता, श्याम लालवानी, रितेश पारिख, अर्पित नागर, अर्पित मेहता, आयुष जैन, योगेन्द्र जैन, भानुप्रताप नीमे, अंकित श्रीमाल, विश्वास श्रीमाल, सीए सुशील जैनसवानी आदि ने किया। मुख्य वक्ता का परिचय सीए गौरव गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने किया। आभार प्रदर्शन सीए नितेश भदादा ने किया।

# भारत एक धर्म सापेक्ष देश है इसकी व्यापक व्याख्या होना चाहिए-पांडेय

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस। धर्मनिरपेक्षता अर्थ, धर्मेण हीना: पशुभि: समाना:। अर्थ धर्म से हीन व्यक्ति पशु के समान है तो हमारा देश धर्म निरपेक्ष कैसे हो सकता। संविधान में यह शब्द बाद में जोडा गया जो हटाना चाहिए। धर्म मनुष्य का नैतिक मार्गदर्शन करता है।**



उक्त बात कहते हुए धार्मिक संस्थाओं से जुड़े रविन्द्र पाण्डेय ने कहा कि धर्म नैतिक और सामाजिक मूल्यों को स्थापित करने में मार्गदर्शन करता है। जो व्यक्तियों को यह समझने में मार्गदर्शन करता हैं कि क्या उचित है और क्या अनुचित है। यह विषय बहुत विस्तृत है विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथो के अनुसार यतो धर्मस्ततो जय: जहाँ धर्म है, वहाँ विजय है। यक्ष प्रसिद्ध श्लोक का भाग है जो महाभारत से लिया गया है जो हमारे देश के सर्वोच्च न्यायालय का ध्येय वाक्य भी है। अहिंसा परमो धर्म:, धर्म हिंसा तथैव च का अर्थ है कि अहिंसा परम धर्म है, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए हिंसा भी अनुचित नहीं है। यह भी श्लोक महाभारत के अनुशासन पर्व में है जो हमारे लिए मार्गदर्शन है। जब हम धर्म सापेक्ष कहते हैं, तो हम उस स्थिति या विचार को संदर्भित करते हैं जो धर्म से प्रभावित है। उदाहरण के लिए, ष्धर्म सापेक्ष नैतिकताष् का मतलब है कि नैतिकता के नियम धर्म से निर्धारित होते हैं।

श्री पाण्डेय ने बताया कि धर्म के दस लक्षण इस प्रकार हैं- धृति: क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रह:। धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥ धैर्य (धृति), क्षमा, संयम (दम), अस्तेय (चोरी न करना), शौच (पवित्रता), इंद्रियनिग्रह (इंद्रियों पर नियंत्रण), धी (बुद्धि), विद्या (ज्ञान), सत्य और अक्रोध (क्रोध न करना) धैर्य (धृति)। कठिनाइयों और संकटों में भी शांत और स्थिर रहना हमारा गौरवपूर्ण अतीत और ज्ञान संपूर्ण विश्व को का मार्गदर्शन करता है इसलिए भारत विश्व गुरु कहलाया और हमारे ही देश में संविधान में देश को धर्म निरपेक्ष बना दिया जो उचित नहीं है भारत सरकार को इस शब्द को हटाकर संविधान में धर्म सापेक्ष शब्द को जोड़ना चाहिए और समाज में इसकी व्यापक व्याख्या होना चाहिए।



# छात्र सैनिक विकास सुरावत का खण्डवा फायरिंग कैम्प में चयन हुआ

**कयामपुर/नाहरगढ़, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** एकीकृत शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय कयामपुर के छात्र सैनिक का फायरिंग केम्प हेतू चयन हुआ। 5 एम.पी. बटालियन मंदसौर के कमाण्डिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश के मार्गदर्शन में एकीकृत शाला शा. उ. मा. वि. कयामपुर के छात्र सैनिक विकास सुरावत पिता महेंद्र सुरावत गाँव रायखेड़ा का चयन खंडवा में आयोजित फायरिंग कैंप हेतु हुआ है। छात्र सैनिक विकास सुरावत 28 जून 2025 को प्रात: 06 बजे कैंप हेतु रवाना हुए। केम्प में पुरे मध्यप्रदेश से चयनित अपने फायरिंग कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य ग्रुप कमांडर डज विक्रम शर्मा और विद्यालय स्टाफ व परिवार ने विकास सुरावत को कैंप में सफल होने हेतु हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाऐ दी।

# पलक्ष ओसवाल को लेखन प्रतियोगिता में मिला पुरस्कार

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर की उभरती हुई बाल प्रतिभा पलक्ष ओसवाल (आयु 8 वर्ष) ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता 'मेरी कलम से' में विजेता बनकर मंदसौर को एक बार पुन: गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा और भोपाल के प्रतिभागियों ने क्रमश: प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पलक्ष को तृतीय स्थान (प्रथम सांत्वना पुरस्कार) मिला। राजस्थान के एक प्रतिभागी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ।



यह प्रतियोगिता भारतभर के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें हजारों प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। पलक्ष की प्रविष्टि को उसकी रचनात्मकता, विचारों की स्पष्टता, तथा बाल मन की गहराईपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए विशेष रूप से सराहा गया। पुरस्कार स्वरूप पलक्ष को नकद राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों की लेखन प्रतिभा को मंच देने हेतु बाल भास्कर पत्रिका द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड होल्डर बालक पलक्ष ओसवाल पूर्व में भी विभिन्न सामाजिक सरोकारों में अपने उत्कृष्टयोगदान के लिए राज्यपाल से सम्मानित हो चुके हैं। साथ ही, वे ओलंपियाड परीक्षाओं के सभी विषयों में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। पलक्ष की इस उपलब्धि पर उनके दादा-दादी - श्री अरुणकुमार एवं श्रीमती मीना जैन, माता - श्रीमती प्रिया ओसवाल, तथा कक्षा अध्यापिका - श्रीमती लता भावसार ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। नन्हे पलक्ष का सपना है - 'कभी ऐसी किताब लिखूं, जो बच्चों के दिल में उतर जाए।'



सफलता की कहानी- जल गंगा संवर्धन अभियान...

# अब बदला-बदला सा नजर आ रहा है प्राचीन बावड़ियों का स्वरूप

## नीमच जिले में हुआ जनसहयोग से प्राचीन बावड़ियों की स्वच्छता एवं सौदर्यीकरण का कार्य

**नीमच, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन की मंशानुसार प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित किया जा रहा है। नीमच जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में जनसहयोग से प्राचीन बावडियों को संहेजने संवारने और उन्हे पुर्नजीवित करने का सार्थक प्रयास किया गया है।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नीमच जिले मे नौ प्राचीन बावडियों की साफ-सफाई कर उनका सौदर्यीकरण का कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है।इससे इन बावडियों का स्वरूप ही बदल गया है अब उनमें स्वच्छ जल का भराव हो रहा है।

जल अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री वीरेंद्रसिंह ठाकुर ने बताया कि, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन सहयोग से नीमच जिले की मनासा विकासखण्ड के ग्राम ढंढेरी में चार भुजा बावड़ी ,जावद में वार्ड न.8 में स्थित गुलाब बावडी ग्राम बिसलवास कला में खेडा माता की प्राचीन बावड़ी, कुकडेश्वर में सांस- बहू की बावड़ी अठाना की नौलखा बावड़ी जावद की मेली बावड़ी नयांगाव की ढाबा माता बावडी नीमच वार्ड नं. एक की धाकड परिवार की बावडी एवं ग्राम कानाखेड़ा में सेठजी की बावड़ी का जन सहयोग ,जनसहभागिता से साफ-सफाई का कार्य कर, इन बावडियों का सौंदर्यीकरण किया गया है। इससे इन बावडियों जल भराव बढी है और इस बारिश में इनमें स्वच्छ जल भरव होगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्व्च्छ ता कार्यो से इन बावडियों का स्व रूप ही बदल गया है और इस बारिश से इन में स्वच्छ जल भरना प्रारंभ हो गया है। इससे गांव में जल स्तर भी बढेग़ा।

# मनरेगा पंचायत निर्णय एप के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा सम्पन्न

**मेनपुरिया, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** मनरेगा पंचायत निर्णय एप के माध्यम से सामाजिक अकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें नोडल अधिकारियों ने मैनपुरीया ग्राम सभा बैठक में सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और ग्रामीण क्षेत्र में क्या-क्या विकास हुआ उसके बारे में भी अवगत कराया। 3 सीसी रोड , श्मशान घाट में पेड़ पौधे , छाजुखेडा गांव में खेल मैदान , और भी विकास कार्य के बारे में जानकारी दी। सभी ग्राम वासियों से सरकार के योजनाओं को लाभ उठाने को कहा। मनरेगा पंचायत निर्णय एप के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा बालाजी मंदिर में आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित हुए। नोडल अधिकारी राजेश बधलेकर , चिरोजी लाल , ओंकार ऊउ , विशेष ग्राम सभा अध्यक्ष राम सिंह , बालू सिंह , सरपंच श्रीमती चंम्पा बाई ओंकार लाल माली , सचिव दिनेश हमोरा , रोजगार सहायक आरिफ हुसैन , मुकेश कुमार , पाटीदार वीएएस, मधुसूदन शर्मा, समस्त मेनपुरीया , छाजू खेड़ा, के ग्राम वासी सभा में उपस्थित हुए।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नीमच में नदी, तालाबों, कुएं-बावड़ियों का हो रहा है कायाकल्प

**नीमच, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सभी प्राकृतिक और अन्य जल संसाधनों के कायाकल्प करने को लेकर निरन्तर प्रयासरत है। ऐसे में नीमच के अनेकों जलस्त्रोतों का भी कायाकल्प जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा है। 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के कुए, तालाब, नदियों और बावड़ियों को स्वच्छ और गहरा किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जन सहयोग से जल संवर्धन के तहत ग्वालटोली तालाब में गहरीकरण एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। नगर पालिका नीमच द्वारा द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जन सहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत जिला मुख्यालय नीमच पर स्थित ग्वालटोली तालाब का गहरीकरण एवं सौदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया और इस मौके पर तालाब परिसर की साफ सफाई के लिए श्रमदान भी किया गया है। नीमच नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदीजी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार चल रहा है इसके तहत नीमच के ग्वालटोली स्थित दीनदयाल उपाध्याय वाटिका से लगी हुई तलैया है, उसकी स्वच्छता के लिए साफ सफाई की गई है। साथ ही इस तलैया के गहरीकरण और सोदर्यीकरण का भी काम करवाया जा रहा है।नीमच में जल संरचनाओं की साफ सफाई एवं मिट्टी निकालकर गहरीकरण किया जा रहा है।यह पौधारोपण भी करेंगे जिससे यहां हरियाली ओर बढ़ेगी। यह शासन का बहुत ही अच्छा अभियान है। क्षेत्र के किसानों को भी फायदा होगा। पीने के पानी की भी दिक्कत नहीं आएगी और स्वच्छ पानी मिलेगा।

# नीमच में बीएलओं का प्रशिक्षण 3 से

**नीमच, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** उपखण्ड नीमच के बीएलओं का विधानसभा पर 3 जुलाई से 8 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।एसडीएम श्री संजीव साहू ने सभी बीएलओ को संयुक्त तहसील कार्यालय भवन नीमच में प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। इस प्रशिक्षण में 3 जुलाई को भाग सख्या एक से 120 तक के बीएलओं 4 जुलाई को भाग संख्या 121 से 200 के बीएलओं एवं 7 व 8 जुलाई को भाग सख्याइ 201 से 279 तक के बीएलओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है इस प्रशिक्षण में सभी बीएलओं एवं सुपरवाईजर अनिवार्य रूप से भाग लेगे।

# किसान सशक्तिकरण कार्यक्रम आज

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री दिव्यानंद एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में एक विशेष 'किसान सशक्तिकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को औषधिय फसलों की खेती के महत्व, संभावनाओं और लाभों के प्रति जागरूक करना है। 29 जून 2025 (रविवार) स्थान: होटल दिव्य पैलेस, दलौदा, मंदसौर। इस कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, आयुर्वेदिक उद्यमियों, और सफल हर्बल किसानों द्वारा जड़ी-बूटियों की वैज्ञानिक खेती, बाजार की मांग, प्रसंस्करण तकनीक और निर्यात अवसरों पर व्याख्यान एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं:किसानों की आय में वृद्धि के लिए वैकल्पिक फसल प्रणाली को बढ़ावा देना, युवाओं को हर्बल खेती एवं उद्यमिता से जोड़ना, प्राकृतिक संसाधनों के साथ संतुलित खेती के माध्यम से सतत विकास को प्रोत्साहित करना, सभी किसान भाइयों, कृषि विद्यार्थियों एवं आयुर्वेद प्रेमियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लें और इस परिवर्तनशील खेती की दिशा में एक नया कदम बढ़ाएं।



**मवेशियों से परेशानी**

शहर के प्रत्येक चौराहों पर, मुख्य मार्गो व कालोनी क्षेत्रों में दिन हो या रात निराश्रित मवेशी, जिन पर कई परिवार आश्रित भी होते है। इन मवेशियों के कारण आवागमन में हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन को चाहिए कि आवारा पशुओं पर नियंत्रण करते हुए इन्हें गौशालाओं में भिजवाएं कराएं।




# अब शहरों की तर्ज पर गांवों का भी होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

**अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करें या स्वच्छ सर्वेक्षण ऐप डाउनलोड कर अपनी राय साझा करें**

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** अब शहरों की तर्ज पर गांवों का भी स्वच्छता सर्वेक्षण होगा। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की शुरूआत की गई है। जिसमें गांवों की साफ-सफाई और स्वच्छता परखी जाएगी। जिसके मुताबिक राष्ट्रीय स्तर पर गांवों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जाएगी। इसको लेकर स्वच्छता पर्यवेक्षकों और कर्मियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के नए मानकों के तहत जमीनी स्तर पर काम करने की जिम्मेदारी दी गई है। जो स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाने के साथ ही इसमें वार्ड स्तर पर ग्रामीणों की भागीदारी भी सुनिश्चित करेंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 अंतर्गत स्वच्छता में ग्रामीणों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में मंदसौर मध्यप्रदेश को नंबर एक बनाने के लिए सभी का सक्रिय सहयोग जरूरी है। अधिक से अधिक लोग अपने सुझाव और फीडबैक जरूर दर्ज करें। यह फीडबैक न केवल आपके क्षेत्र की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाएगा, बल्कि साफ-सुथरे और स्वस्थ वातावरण की दिशा में बड़ा कदम भी होगा। अपने मोबाइल से क्सूआर कोड स्कैन करें या स्वच्छ सर्वेक्षण ऐप डाउनलोड कर कुछ ही मिनट में अपनी राय साझा करें। आपकी एक छोटी सी पहल आपके गाँव, और पूरे मध्यप्रदेश को स्वच्छता में अग्रणी बना सकती है। जिले में गांवों के स्वच्छता की नब्ज टटोलने के लिए केंद्रीय टीम आएगी। जो गांवों के आंगनबाडी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, पंचायत भवनों व सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का सर्वेक्षण कर उसका मूल्यांकन करेगी। इसके अलावा मोबाईल एप और फील्ड सर्वे के माध्यम से आम नागरिकों से भी उनकी राय ली जाएगी। जिसे मूल्यांकन में शामिल किया जायेगा। गांवों का स्वच्छता सर्वेक्षण महज एक मूल्यांकन प्रक्रिया नहीं है, बल्कि गांवों को स्वच्छ, सुंदर और टिकाउ बनाने का एक सामूहिक जन अभियान है। जिसका मुख्य उदेश्य ठोस एवं तरल अपरिशष्टप्रबंधन को बेहतर बनाना और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। स्वच्छता सर्वेक्षण में बेस्ट रैंकिंग लाने वाले पंचायत को पुरस्कृत किया जायेगा। जबकि स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश स्तर पर अव्वल आने वाले गांवों को सम्मानित किया जायेगा।

## एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 से

**भोपाल, 28 जून गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी।**


मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रात: 10:00 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालय, शक्तिभवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा। इसके लिए तीन दल गठित किए गए हैं, जो दस्तावेजों का प्रारंभिक सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात, इन दस्तावेज़ों का अंतिम परीक्षण अधीक्षण अभियंताओं द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सूचना प्रदान की जा चुकी है।

# रतलाम डीजल प्रकरण-दोषी पंप संचालक पर एफआईआर

**खाद्य मंत्री राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की जांच के दिए निर्देश**

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप की गहन जाँच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री राजपूत ने वरिष्ठअधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि रतलाम में कई वाहनों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगाँव से डीजल भरवाया गया था। डीजल में पानी होने से वाहन बंद होने की घटना प्रकाश में आई है। खाद्य विभाग जिला रतलाम के अधिकारियों द्वारा पंप की तत्काल ही जांच की गई। जाँच में पेट्रोल एवं डीजल के सेम्पल लिए जाकर बीपीसीएल लेब मांगलिया इंदौर भेजे गए हैं। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पंप पर उपलब्ध पेट्रोल 5995 ली. एवं डीजल 10657 लीटर जप्त कर पम्प को सील किया गया है।



अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने इस घटना के परिपेक्ष्य में 27 जून को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की गत दिवस बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में तत्काल विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बीपीसीएल को दिए। वर्तमान में वर्षा के मौसम को देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पम्पों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। श्रीमती शमी ने कहा कि निरीक्षण में यह आवश्यक रूप से देखा जाएगा कि पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवता का डीजल और पेट्रोल प्रदाय करने की समस्त कार्यवाही करें। बैठक में सख्त निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प की जाँच की जाये, जिसमें प्रतिदिन सुबह किए जाने वाला निरीक्षण एवं समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षणों की जांच रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज की जाए। इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर का निर्माण करने के निर्देश भी दिए गए है।

सभी आयल कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में उनकी तरफ़ से कोई समस्या नहीं आएगी और पेट्रोल पम्पों की संघन जाँच की जायेगी। पेट्रोल पम्पों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं जैसे नि:शुल्क हवा, पेय जल, महिला एवं पुरुष के लिए पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश ऑयल कंपनियों को दिए गए। साथ ही पेट्रोल पम्पों पर उपलब्ध शौचालयों की प्रतिदिन साफ सफाई करने के भी निर्देश भी दिए गए। श्रीमती शमी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले सभी पेट्रोल पंप की खाद्य, राजस्व, नापतौल एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों का दल बनाकर जाँच कराएं। जांच में पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में किसी प्रकार का जल रिसाव रोकने तथा पेट्रोल पम्प के नोजल से सही गुणवत्ता का डीजल एवं पेट्रोल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किसी भी स्थिति में किसी भी उपभोक्ता को पानी मिश्रित अथवा खराब गुणवत्ता का पेट्रोलियम उत्पाद प्रदाय नहीं किया जाए। इस दौरान खाद्य आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा भी उपस्थित थे।

## एक साल से लापता नाबालिग राजस्थान से मिली

**नाहरगढ़, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग आखिरकार एक साल बाद यानी 13 माह बाद राजस्थान से मिली है। पुलिस ने बताया कि 21 मई 2024 को नाबालिग के परिजनो ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पिता ने बताया कि उसकी 17 साल 09 माह की बालिका घर से गायब है। अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर उसे अपहरण कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। प्रकरण को गम्भीरता को देखते हुए टीम गठित कर अपहृत बालिका की दस्तयाबी हेतु वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में निरन्तर प्रयास किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किये गए निर्देशो का पालन करते हुए अपहृत बालिका की पतारसी की गई। इसी तारतम्य में दौराने विवेचना बालिका को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जयपुर राजस्थान से दस्तयाब किया गया।



## दशपुर रंगमंच ने प्रसिद्ध संगीतकार आरडी बर्मन की जयंती मनाई

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर रंगमंच मंदसौर द्वारा प्रसिद्ध संगीतकार आर.डी. बर्मन की जयंती पर पर उनके द्वारा संगीतबद्ध गीतों को गाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम का आरंभ सतीश सोनी द्वारा गाये गीत कोई हसीना जब रूठ जाती है तो से की गई। अभय मेहता ने गीत ओ मेरे दिल के चैन.... सुनाया। आबिद शाह ने प्रसिद्ध गीत क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम वो इरादा गाया। ललिता मेहता ने आर.डी. बर्मन के सुरीले संगीत से सजा प्रसिद्ध गीत हमें और जीने की चाहत न होती, अगर तुम न होते सुनाया। लोकेन्द्र पाण्डे ने अपने समय के प्रसिद्ध गीत सागर किनारे दिल ये पुकारें गाया। श्याम गुप्ता ने गीत चुरा लिया है तुमने जो दिल को सुनाया। हिमांशु वर्मा ने गीत प्यार दीवाना होता है, राजा भैया सोनी ने गीत मैने पूछा चाँद से देखा है कही, स्वाति रिछावरा ने गीत बाँहों में चले आओ सुनाया। संचालन करते हुए अभय मेहता ने कहा अपने संगीत से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले भारत के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक आर.डी. बर्मन को श्रोता हमेशा याद रखेंगे। आभार ललिता मेहता ने किया।

## खेत बुवाई के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर किया जानलेवा हमला, बुजुर्ग महिला गंभीर घायल



**मनासा, 28 जून गुरु एक्सप्रेस। कुकडेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरत में शनिवार को खेत बुवाई के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के उपर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया घटना के दौरान एक बुजुर्ग महिला गंभीर घायल हो गई जिसका मनासा शासकीय अस्पताल में उपचार कर जिला अस्पताल नीमच रेफर किया गया।**

गुजरत निवासी महिला श्यामाबाई पति अमर सिंह मीणा रावत ने कुकडेश्वर थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें बताया कि मेरे पति अमर सिंह ने तीन वर्ष पूर्व गांव के ही निवासी हरिसिंह पिता पीरूलाल मेघवाल से अतिक्रमण की हुई जमीन पर बाड़ा खरीदा था। जिसका पूर्व में विवाद चल रहा था मंगलवार सुबह बाड़े में पत्थर बिनने के दौरान गांव के ही एक व्यक्ति कुल्हाड़ी लेकर आया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और पत्थरों से हमला कर दिया जिस से बीच बचाव करने आया खेत पड़ोसी गोपाल मेघवाल घायल हो गया। वही आज शनिवार को सुबह खेत पर बुवाई के दौरान उन्हीं लोगों ने अचानक लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया घटना में कुशाली बाई पति उदयराम रावत ,अमर सिंह पिता उदयराम रावत ,श्यामा बाई को चोटे आई वही लाठी डंडों से पीट पीट कर बुजुर्ग महिला कुंशाली बाई को गंभीर चोटे आई जिनका मनासा शासकीय अस्पताल में देर शाम 6 बजे करीब उपचार के बाद जिला अस्पताल नीमच रेफर किया गया। पीड़ित पक्ष ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही कुछ दबंग लोग जान से मारने की धमकियां दे रहे हे वाबजूद कुकडेश्वर थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई लेकिन पुलिस द्वारा सख्ती से कार्यवाही नहीं की गई। पूरा परिवार दहशत में है।

## जिला सहकारी बैंक मंदसौर को पुरस्कृत किया

**किसानों एवं समस्त ऋणी सदस्यों का सिबिल डाटा प्रतिमाह समयावधि में सबसे पहले अपलोड किया**



**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारी बैंक सीईओ श्री सुनिल कच्छावा द्वारा बताया गया कि, CRIFHIGH MARK Cibil Co. द्वारा Jio World Convention Center मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक मंदसौर को किसानों एवं समस्त ऋणी सदस्यों का सिबिल डाटा प्रतिमाह समयावधि में एवं बेहतर तरीके से अपलोड किये जाने हेतु पुरूस्कृत किया गया। उल्लेखनिय है कि प्रदेश में कार्यरत 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में से जिला बैंक मंदसौर एक मात्र बैंक को उक्त कार्य हेतु पुरूस्कृत किया गया। इस उपलब्धी हेतु बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनिल कच्छावा द्वारा कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती अदिती गर्ग को उक्त उपलब्धि से अवगत करवाया गया एवं बधाई प्रेषित की गई।

## सिर्फ शिक्षकों के लिये ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ करना गलत, इसे सभी शासकीय विभागों में लागू करें

**राज्य शिक्षक संघ मप्र ब्लॉक मंदसौर ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर की मांग**

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षक संघ म.प्र. ब्लॉक मंदसौर ने 28 जून, शनिवार को प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को देते हुए ई अटेंडेंस योजना को एक साथ प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों में प्रारंभ करने की मांग की।



राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गजराजसिंह सिसौदिया ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शिक्षकों केलिए हमारेशिक्षक एप्पकेमाध्यम से ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ की जा रही है। प्रदेश का समूचा शिक्षक संवर्ग प्रदेश सरकार की मंशानुरूप लगातार अपना सर्वश्रेष्ठदेकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को राष्ट्र में प्रमुख पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहा है। इस ईमानदारी और समर्पण का सुखद परिणाम यह रहा कि बोर्ड परीक्षा परिणामों में शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन उत्तम रहा है। परीक्षा परिणामों के बाद आपके द्वारा सार्वजनिक रूप से शासकीय शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की गई है। प्रदेश में केवल शिक्षक संवर्ग की ई अटेंडेंस योजना से हाजिरी लगने से समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षक संवर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह होने के कारण उनकी ऐसी हाजिरी ली जा रही है। माननीय महोदय गुरु के लिए सम्मान ही सबसे बड़ा धन है। मात्र शिक्षकों के लिए सरकार का ऐसा कदम गुरु पद की गरिमा को क्षति पहुंचाता है व मन को आहत करता है। राज्य शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश के माध्यम से प्रदेश का समूचा शिक्षक समाज मुख्यमंत्रीजी आग्रह करता है कि ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारियों पर एक साथ लागू किया जाए तब तक शिक्षकों के लिए स्थगित की जाए। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ म.प्र. के इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष गजराज सिंह सिसोदिया, जिला महासचिव चंद्र प्रकाश जैन, अनिल सांखला, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सुथार, गोपाल सिंह आंजना, जितेन्द्र ठाकुर, आशीष बंसल, कुंदन सांखला तथा ब्लॉक के अध्यापक शिक्षक साथी बद्रीलाल कीटकर, शांतिलाल दडिंग, रामेश्वर जी शर्मा, कोमल सिंह सिसोदिया, नाहरसिंह झाला, स्मिता चौधरी, मधु आसेरी, जिला उपाध्यक्ष कीर्तिपाल सिंह सिसोदिया, निवेदिता नाहर, प्रीति श्रीवास्तव, बिंदिया चौहान, प्रवीण कपूर, जगदीश चंद्र गुप्ता, जिला सचिव स्वदेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र गुप्ता, जितेंद्र चपरोत, कैलाश चंद्र अग्रवाल, राकेश कुमार, कमलेश पाटीदार घनश्याम प्रजापति सहित सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे।

# सभी विभागों में एक साथ ई अटेंडेंस लागू करें सरकार

**शिक्षकीय गरिमा के खिलाफ ई अटेंडेंस के विरोध में राज्य शिक्षक संघ मप्र ने जिले के सभी विकासखण्डों में दिया ज्ञापन**

**मंदसौर, 28 जून गुरु एक्सप्रेस।** केवल शिक्षक संवर्ग हेतु ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैरजिम्मेदार है। राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया। जिसके विरोध में आज राज्य शिक्षक संघ म.प्र. प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम मंदसौर जिले के सभी विकासखण्डों मन्दसौर , मल्हारगढ़, सीतामऊ, सुवासरा, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा कयामपुर में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों द्वारा ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी /तहसीलदार महोदय को प्रस्तुत किया गया सीतामऊ में तहसीलदार श्री मसारे जी इसी तरह सभी ब्लॉक में आज लंबे समय बाद आम शिक्षकों में गहरा असंतोष देखा गया

संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव व प्रांतीय महासचिव दिनेश शुक्ला ने बताया कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर इसे मध्य प्रदेश के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए।संघ ने सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है। श्री यादव व श्री शुक्ला ने कहा कि विगत दिवस मध्य प्रदेश के 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित मुख्यमंत्री जी ने शासकीय शिक्षकों एवं विद्यालयों की तारीफों के पुल बांधे थे और कुछ दिन गुजरते ही केवल उनके लिए ही अटेंडेंस योजना लागू करना शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगता है ।संघ ने चेताया कि सरकार को समाज में गुरु के सम्मान के बने स्तर को खंडित करने वाले किसी भी कदम को उठाने से बचना चाहिए। श्री यादव व श्री शुक्ला ने बताया कि राज्य शिक्षक संघ ने आज 28 जून को मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंड स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एव प्रत्येक शिक्षक द्वारा इसके विरोध में हस्ताक्षर परिपत्र मंदसौर जिले के सभी विकास खंडों में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी / तहसीलदार को शिक्षकों द्वारा ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से आग्रह किया गया कि वह जब तक अन्य विभागों में ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ नहीं हो सकती तब तक शिक्षा विभाग में इसे स्थगित की जावे। सीतामऊ अनुविभागीय कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों द्वारा नारेबाजी कर अपना रोष व्यक्त किया कि शिक्षक यह अपमान नहीं सह सकता उक्त अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज बिलोदिया, सचिव मनोज देतरिया, संयोजक योगेश रावत, जिला अध्यक्ष भगवती शर्मा जिला पदाधिकारी मनोज जामलिया, हरिसिंह राठौर, कोमल राठौर, भूपेंद्र सिंह भाटी, सुनील जैन यशपाल सिंह सोनगरा, दयाशंकर भैंसोदिया, गुमान सिंह सोलंकी, भेरूलाल यादव, भीष्म सोनी, संगीता देतरिया, शबाना मंसूरी, बबीता शर्मा, जामलिया मैडम, भगतराम मालवीय, राजेश परमार भगवतसिंह चौहान प्राचार्य, ईश्वर आसलिया, दिनेश जी, राठौर जी, सुनील जैन, श्यामचरण जोशी, भूपेंद्र राजगुरु, रामेश्वर माली, अमृत भाटी सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे यह जानकारी मनोज देतरिया ने दी।

**कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 27.06.2025

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अंतिम पिता नारूलालजी शर्मा जाति सुतार, निवासी वार्ड नं. 03, पटेल मार्ग, मल्हारगढ़, तहसील मल्हारगढ़, जिला-मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान नम्बर 174 का पूर्वी भाग जो कि वार्ड नं. 03 पटेल मार्ग मौजा मल्हारगढ़, प.ह.नं. 18, तहसील मल्हारगढ़, जिला-मंदसौर में स्थित है जिसका हक त्याग विधिवत रजिस्टर्ड हक त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी24940202 1ए11106822 दिनांक 29.12.2021 से श्रीमती बापूबाई शर्मा पति नारुलालजी शर्मा जाति सुतार, निवासी-वार्ड नं. 03, पटेल मार्ग, मल्हारगढ़, तहसील मल्हारगढ़, जिला-मंदसौर को हक त्याग किया गया है। उक्त मकान की चर्तुसीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तुसीमा- पूर्व में- नागेश पिता रामलालजी का बाड़ा, पश्चिम में-कन्हैयालाल पिता नारुलालजी शर्मा का मकान, उत्तर में-बापूलाल व केशरीमलजी का मकान, दक्षिण में- पटेल मार्ग आम रास्ता। कुल क्षेत्रफल- 1254 वर्गफीट या 116.396 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर अंतिम पिता नारूलालजी शर्मा द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

**कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 27.06.2025

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदीश चंद, ओमप्रकाश, परमानंद पिता रमेश चंद्र शर्मा निवासी ग्राम मोतीपुरा तहसील सीतामऊ ,जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 478 (बी), भूखण्ड क्रमांक 16 (पी) ग्राम मोतीपुरा गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00076, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका हक त्याग विधिवत रजिस्टर्ड हक त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17852025 A100479225 दिनांक 16.06.2025 से राजुलाल पिता, हरजी, निवासी-ग्राम मोतीपुरा तहसील सीतामऊज़िला मंदसौर को हक त्याग किया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा- पूर्व में - आम रास्ता, पश्चिम में - राजुलाल का मकान, उत्तर में-स्वयं की भूमि, दक्षिण में -कमलेश व दिलीप पिता रूपचंद का मकान, कुल क्षेत्रफल 366 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति पर जगदीश चंद, ओमप्रकाश, परमानंद पिता रमेश चंद्र शर्मा द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

**AJAY SENDHAV ADVOCATE**
Office: 12, Chamunda Complex, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Email: as71708@gmail.com Mob. No.- 97534-41943
Residence: 613, LIG III Mukharji Nagar, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Mob. No. 93000-30939

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रमेश पिता श्री गंगाराम, निवासी – ग्राम रलायता, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा उनके मालिकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो की, मकान/भूखंड क्रमांक. 21, वार्ड क्रमांक 07, ग्राम रलायता, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.) प.ह. क्रमांक. 115, जिसका कुल क्षेत्रफल- 2275 Sq. Ft. (211.43 Sq. Mtr.) है। उस पर अपनी पत्नी श्रीमती शांति बाई पति श्री रमेश, निवासी -ग्राम रलायता, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.) को सह स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED CO-OWNERSHIP DEED) क्रमांक MP249412024A11104681, दिनांक 05.09.2024 है, तथा उक्त संपत्ति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है।

यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहीर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

देवास
दिनांक : 27.06.2025
अजय सेंधव, एडवोकेट
12, चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)

**AJAY SENDHAV ADVOCATE**
Office: 12, Chamunda Complex, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Email: as71708@gmail.com Mob. No.- 97534-41943
Residence: 613, LIG III Mukharji Nagar, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Mob. No. 93000-30939

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री बलवंत सिंह सोधिया पिता श्री मोडसिंह सोधिया, निवासी – ग्राम ईरली, तहसील मल्हारगढ, जिला मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा उनके मालिकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो की, मकान/भूखंड क्रमांक. 39, सर्वे क्रमांक 117, निवासी ग्राम ईरली, तहसील मल्हारगढ, जिला मंदसौर (म.प्र.) प.ह. क्रमांक. 113, जिसका कुल क्षेत्रफल – 762 Sq. Ft. (70.81 Sq. Mtr.) है। उस पर अपनी पत्नी श्रीमती कुशाल बाई सोधिया पति श्री बलवंत सिंह सोधिया, निवासी ग्राम ईरली, तहसील मल्हारगढ, जिला मंदसौर (म.प्र.) को सह –स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED CO-OWNERSHIP DEED) क्रमांक MP15IGR17852025A100471955, दिनांक-16.06.2025, है, तथा उक्त संपत्ति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है।

यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहीर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

देवास
दिनांक : 27.06.2025
अजय सेंधव, एडवोकेट
12, चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in